www.avadhkaawaz.com

# अवध की आवाज

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र राजधानी लखनऊ उत्तर प्रदेश से प्रकाशित

www.avadhkaawaz.com

वर्ष–10 अंक–152 R.N.I.- UPHIN/2012/45127 लखनऊ गुरुवार 2 सितम्बर 2021 पृष्ठ – 8 मूल्य–3 रूपया


## संक्षिप्त समाचार





अवध की आवाज उन्नाव टीम के ब्यूरो चीफ गुड्डू मिश्रा किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष से की मुलाकात

### पांच माह बाद विद्यालय आये नौनिहाल, हुआ भव्य स्वागत व उत्साहवर्धन

अवध की आवाज

कटरा बाजार गोण्डा। (विधान केसरी))। कोविड–19 वैश्विक महामारी के कारण पांच माह के बाद बुधवार को नौनिहालों के विद्यालय पहुँचने पर उनका भव्य स्वागत के साथ उत्साहवर्धन किया गया। विकास



खंड कटरा बाजार के प्राथमिक विद्यालय बाबू पुर में प्रधान प्रतिनिधि अमर शुक्ला व प्रभारी प्रधानाध्यापक आशीष वर्मा द्वारा सभी नौनिहालों को कोविड–19 का पालन करवाते हुए सभी छात्रों को मास्क वितरण कर रोली चंदन लगाकर माल्यर्पण करते हुए उनका स्वागत व उत्साहवर्धन किया गया। विद्यालय के परिसर में स्वागत से नौनिहालों के चेहरे खिल उठे। प्रभारी प्रधानाध्यापक आशीष वर्मा ने सभी नौनिहालों को बताया कि सभी लोग फेस मास्क लगाकर ही समय से नियमित विद्यालय आयें। इस अवसर पर सहायक अध्यापक अरविंद कुमार, शिक्षा मित्र अवधेश कुमार शुक्ल, सफाई कर्मी ज्ञानेश पांडेय सहित रसोइयां व नौनिहाल उपस्थित रहे।

### आंगनवाणी व समूह की महिलाओं का हुआ प्रशिक्षण व खाद्यान्न वितरण

अवधकी आवज

माधौगढ़ (जालौन) – विकास खण्ड माधौगढ़ के अन्तर्गत आंगनवाणी व समूह की महिलाओं का प्रशिक्षण व खाद्यान्न वितरण का कार्य किया गया



जिसमें प्रशिक्षण के दौरान आंगनवाणी सुपरवाइजर सीमाशाह ने कहा कि महिलाओं को कड़ाई ,बुनाइ, कागज के फूल , गुलदस्ता इत्यादि को बनाना सिखाया गया जिसके अन्तर्गत यह भी बताया गया कि महिलाओं को कार्यक्रम के दौरान सजावट की निम्न वस्तुओं को किस प्रकार बनाना है व किस प्रकार उपयोग करना है इस बात की जानकारी अन्य महिलाओं को भी उपलब्ध करानी है व इस दौरान माह के अन्तराल पर होने वाला राशन भी वितरण किया गया ।

## पहले 30 साल में 53 लाख, अब सिर्फ चार साल में 42 लाख गरीबों को मकान : योगी

लखनऊ, (वेब वार्ता)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का सपना 'हर गरीब का हो घर अपना', तेजी से पूरा हो रहा है। हमारी सरकार ने मात्र चार वर्ष के अंदर प्रदेश में 41 लाख 73 हजार से अधिक ग्रामीण और शहरी लाभार्थियों को आवास मिले हैं। आज पांच लाख, 51 हजार लाभार्थी गृह प्रवेश कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने बुधवार को यहां प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण एवं मुख्यमंत्री आवास योजना–ग्रामीण के पांच लाख, 51 हजार लाभार्थियों को घरों की चाबी सौंपी। आवासों की चाबी वितरण कार्यक्रम वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सम्पन्न हुआ। उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से लाभार्थियों से बातचीत भी की। मुख्यमंत्री ने लाभार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। योगी ने याद दिलाया कि पिछली सरकारों के समय 30 साल में करीब 53 लाख मकान ही मिल पाए थे। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने कुछ लाभार्थियों को भौतिक रूप से भी आवास की चाबी दी। बाकी लाभार्थियों को जिलों में ही आवास की चाभी वितरित की गई। प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण एवं मुख्यमंत्री आवास योजना–ग्रामीण के तहत इन आवासों की कुल लागत छह हजार 637.72 करोड़ रुपये हैं। मुख्यमंत्री ने लाभार्थियों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बातचीत में यह जानने की कोशिश की कि सरकार की तमाम अन्य योजनाओं का लाभ उन्हें मिला है या नहीं। ज्यादातर लाभार्थियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि उन्हें राशन कार्ड, निशुल्क बिजली कनेक्शन,



शौचालय, आयुष्मान भारत योजना का कार्ड जैसी योजनाओं का मिला है। अपने संबोधन में योगी ने कहा कि हमें प्रधानमंत्री मोदी को धन्यवाद देना चाहिए कि उन्होंने बिना किसी भेदभाव के गरीबों को सभी योजनाओं से जोड़ा है। इससे यह साबित होता है कि गरीब को केंद्र में रखकर काम करने की पहले की सरकारों की कोई योजना नहीं थी। उनकी कोई मंशा नहीं थी। प्रधानमंत्री मोदी ने बिना किसी भेदभाव के योजनाओं का लाभ दिया है। आज प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 27 लाख लोगों को लाभ मिल रहा है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने विपक्ष को भी आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि पहले जातिवाद, क्षेत्रवाद, भाई–भतीजावाद विकास को खा जाता था। आज हर व्यक्ति को विकास का लाभ मिल रहा है। आज पांच लाख 51 हजार लाभार्थियों को चाबी मिलना इस बात को साबित करता है। मुझे बहुत प्रसन्नता है कि प्रधानमंत्री आवास योजना के 70 फीसदी लाभार्थी महिलाएं हैं। उनको इस योजना के माध्यम से अपने परिवार और अपने आप को आत्मनिर्भर बनाने के प्रधानमंत्री मोदी के विजन के साथ जुड़ने का एक अवसर प्राप्त हुआ है। ऐसा नहीं है कि केवल उन्हें आवास ही मिला है। उन्हें आयुष्मान भारत कार्ड, राशन कार्ड, शौचालय, निशुल्क गैस कनेक्शन, सौभाग्य योजना के तहत निशुल्क बिजली कनेक्शन, निराश्रित महिलाओं को विधवा पेंशन, वृद्धजन को पेंशन जैसी योजनाओं से बड़ी संख्या में परिवार आच्छादित हो रहे हैं। सीएम योगी ने बताया कि लखीमपुर में बहुत सराहनीय कार्य किया जा रहा है। क्लस्टर बनाकर लोगों को कॉलोनियां दी जा रही हैं। प्रधानमंत्री मोदी का स्मार्ट विलेज का सपना लखीमपुर में पूरा होता हुआ दिखाई दे रहा है। मुख्यमंत्री ने लखीमपुर खीरी के सभी अधिकारियों और जिले के सभी जनप्रतिनिधियों को बधाई भी दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब सरकार को आम जन का भी सहयोग मिलेगा तो विकास और तेज गति से आगे बढ़ पाएगा। उन्होंने सभी महिलाओं को ग्रामीण आजीविका मिशन से जोड़ने को भी कहा। यूपी में करीब 52 लाख महिलाएं जुड़ी हुई हैं। कहीं भी राशन की दुकान में यदि विवाद पाया जाता है ,तो उस कोटे की दुकान की जिम्मेदारी महिलाओं को दी जाएगी। तमाम महिला स्वयंसेवी समूह खाद्यान्न के भंडारण कार्यक्रम से जुड़ी हुई हैं। इस मौके पर ग्रामीण विकास मंत्री राजेन्द्र प्रताप सिंह मोती सिंह, विभाग के राज्यमंत्री आनंद स्वरूप शुक्ला, अपर मुख्य सचिव (सूचना) नवनीत सहगल, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री संजय प्रसाद समेत अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

## अवैध निर्माण किये गये सील

अवध की आवाज

लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी द्वारा लखनऊ षहर में अवैध निर्माणों के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही जारी रखने के निर्देषों का असर दिखने लगा है। उक्त के क्रम में आज निम्नानुसार



कार्यवाही की गई। प्रवर्तन, जोन–3 के अधिषासी अभियन्ता दिवाकर त्रिपाठी द्वारा बताया गया कि सूरज जायसवाल द्वारा मौजा सरोसा–भरोसा, षुभी रेस्टोरेण्ट के बगल में, मोहान रोड, लखनऊ कराये गये अनाधिकृत निर्माण को योजित वाद संख्या 343द्2019 में विहित प्राधि



ाकारी आनन्द कुमार सिंह द्वारा सील किये जाने हेतु दिये गये आदेषों के क्रम में आज प्राधिकरण व क्षेत्रीय पुलिस बल की सहायता से परिसर को सील किया गया। प्रवर्तन, जोन–1 के अधिषासी अभियन्ता अवनीन्द्र कुमार सिंह द्वारा बताया गया कि वी. के. सिंह व अन्य द्वारा ग्वारी पुल के नीचे, सी.एम.एस. की ओर जाने वाली रोड पर, सेक्टर–1, गोमतीनगर विस्तार, लखनऊ किये गये अनाधिकष्त निर्माण को योजित वाद संख्या 323/2021 में विहित प्राधिकारी द्वारा सील किये जाने हेतु दिये गये आदेषों के क्रम में आज प्राधिकरण व क्षेत्रीय पुलिस बल की सहायता से परिसर को सील किया गया।

### जोन 3 में भी फिर हुई सीलिंग की कार्यवाही

विकास प्राधिकरण में अब अवैध निर्माण पर कार्यवाही का दौर देखने को मिल रहा है । प्राधिकरण के जोन 3 में आज फिर हुई सीलिंग की कार्यवाही की गयी । अधिशाषी अभियंता दिवाकर त्रिपाठी के जोन में अवैध निर्माण सील लगातार हो रहे है। प्राधिकरण के जोन 3 के अंतर्गत आने वाले मौजा सरोसा भरोसा शुभी रेस्टोरेंट के बगल में हुआ अवैध निर्माण सील क्या गया है। सूरज जायसवाल नाम से अवैध निर्माण कराया जा रहा था जो आज सील किया गया है। अधिशाषी अभियंता दिवाकर त्रिपाठी लगातार अवैध निर्माण पर कार्यवाही करते दिख रहे है। कल भी प्राधिकरण के अलग अलग जोनों में सीलिंग की कार्यवाही हुई है। अधिशाषी अभियंता दिवाकर त्रिपाठी उपाध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी के निर्देशों का पालन करते नजर आ रहे हैं ।

### 18 माह बाद स्कूल गए नौनिहाल , सरकार ने जारी की गाइड लाइंन

अवध की आवाज

गोंडा आज 1 सितंबर से,व1 से 5वीं तक के छोटे बच्चों के स्कूल भी खुल गए। उत्तर प्रदेश सरकार ने पहले ही आदेश जारी कर दिया है। स्टूडेंट्स की सुरक्षा के मद्देनजर सरकार ने गाइडलाइन तैयार किया है। इसके मुताबिक बच्चों की पढ़ाई दो शिफ्ट में करवाई जाएगी। पहली शिफ्ट सुबह 8 से 11 बजे तक चलेगी और दूसरी शिफ्ट सुबह 11रू30 बजे शुरू होगी। इससे पहले यूपी में 16 अगस्त से9–12वीं आई 21 अगस्त से 6–8वीं



तक के स्कूल खोले जा चुके हैं। करीब 18 महीने बाद ये पहला मौका होगा जब छोटे बच्चे भी स्कूल गए। इसके पहले मार्च 2020 में बच्चों का स्कूल खुला था'।

## प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लाभार्थियों को आज गृह प्रवेश आवास की चाबी वितरण

अवध की आवाज

उरई (जालौन) प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत निर्मित आवास के लाभार्थियों को आज गृह प्रवेश आवास की चाबी वितरण कार्यक्रम में माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 5 कालिदास मार्ग से किया गया उपरोक्त कार्यक्रम के दृष्टिगत प्रदेश के समस्त जनपदों में 05 लाख 51 हजार लाभार्थियों को रुपए 6637.72 करोड़ की लागत से निर्मित आवासों का गृह प्रवेश चाबी वितरण किया गया। माननीय मुख्यमंत्री जी ने अपने संबोधन में कहा कि देश के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का सपना था कि देश के प्रत्येक आवास विहीन व्यक्ति के सर पर छत होनी चाहिए उन्हीं के प्रेरणा व प्रयास से आज उनका सपना साकार हो रहा है और प्रत्येक जरूरतमंद व आवास विहीन व्यक्ति को आवास की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। माननीय प्रधानमंत्री जी का उद्देश्य है कि प्रत्येक गांव स्मार्ट गांव के रूप में विकसित हो तथा गांव के प्रत्येक जरूरतमंद व्यक्ति को आवास के साथ–साथ सरकार की अन्य योजनाओं का भी लाभ मिले जिससे प्रत्येक व्यक्ति अपने परिवार का भली–भांति पालन पोषण कर सकें। उन्होंने कहा कि जरूरतमंद व्यक्ति को आवास के साथ–साथ स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत शौचालय उज्जवला योजना के अंतर्गत गैस कनेक्शन सौभाग्य योजना के अंतर्गत बिजली कनेक्शन आयुष्मान योजना के अंतर्गत गोल्डन कार्ड राशन कार्ड व निशुल्क राशन वितरण सुविधा निरंतर उपलब्ध कराई जा रही है। कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी उरई में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन द्वारा 12 लाभार्थियों को आवास की चाबी वितरित की गई। जिसमें मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत विकासखंड डकोर की ग्राम पंचायत के 5 लाभार्थी वर्षा, सुनीता, श्याम कुमारी, रेखा, पिंकी



व विकासखंड महेवा के 2 लाभार्थी जमुनादास, धर्मेंद्र तथा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत विकास खंड महेवा के 5 लाभार्थी राम बहादुर, रामओवतार, बृजबल्लभ, मोहर सिंह, बुद्ध सिंह को चाबी वितरण की गई। जनपद में आज 11210 आवास के लाभार्थियों को चाबी वितरित की जाएगी जिसमें प्रत्येक विकासखंड में जन प्रतिनिधि के माध्यम से 100–100 लाभार्थियों को व अन्य शेष लाभार्थियों को उनकी ग्राम पंचायतों को चाबी का वितरण किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अभय कुमार श्रीवास्तव, परियोजना निदेशक शिवाकांत द्विवेदी संबंधित लाभार्थी उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय स्तर पर पत्रकारों के हित संरक्षण एवं उनके मान–सम्मान के लिए संघर्षरत संगठन

अवध की आवाज

लखनऊ। पत्रकार एकता संघषंजीकृत के एक प्रतिनिधिमंडल ने राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्षध्राज्य मंत्री माननीय प्रभुनाथ चौहान से उनके लखनऊ स्थित आवास पर मुलाकात किया। पत्रकारों के ऊपर हो रहे उत्पीड़न, दुर्व्यवहार, फर्जी मुकदमें रोकने तथा पत्रकारों की सुरक्षा आदि को लेकर बिस्तृत चर्चा हुई ।जमीनी स्तर पर जनहित की सोच रखने वाले श्री चौहान से मिलकर समाजसेवा की एक बेहतर सीख मिली। साथ ही उन्होंने पूर्णरूपेण आश्वस्त करते हुए सदैव संगठन के साथ होने का भरोसा दिलाया। इस दौरान जिला अध्यक्ष लखनऊ एवं महाराष्ट्र प्रदेश प्रभारी आदरणीय श्री दिनेश दीक्षित जी, वरिष्ठ पत्रकार एवं प्रयागराज मंडल अध्यक्ष श्री कुल भूषण शुक्ल एडवोकेट एवं मै स्वयं आपका शुभचिंतक साथी सुरेश बहादुर सिंह मंडल वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रयागराज मौजूद रहा।



## अयोध्या जंक्शन के बाद अब फैजाबाद जंक्शन को भी मंदिर के आकार में विकसित किया जाएगा

अवध की आवाज

गोंडा। अयोध्या जंक्शन के बाद फैजाबाद जंक्शन के पुनर्विकास की रूपरेखा में भी स्टेशन स्वरूप राममंदिर की भांति रखा गया है। स्टेशन के स्वरूप में बदलाव सांसद लल्लू सिंह की इच्छा पर किया गया है। उन्होंने फैजाबाद जंक्शन के मुख्य भवन की फाइनल डिजाइन में संशोधन का निर्देश दिया था। इस वीसी डिजाइन को तैयार करने में तीन महीने का समय लगा है। इसे अब रेल मुख्यालय भेजा जाएगा। पहले चरण में फैजाबाद रेलवे स्टेशन के मुख्य भवन का मॉडल तैयार किया गया है। पुनर्निमाण में फैजाबाद जंक्शन में कई बड़े बदलाव देखने को मिलेंगे। अभी 200 मीटर में बना स्टेशन का मुख्य भवन पुनर्विकास के बाद पांच से छह सौ मीटर लंबा हो जाएगा। नए भवन का विस्तार मालगोदाम की ओर होगा। इसीलिए मालगोदाम को सालारपुर स्थानांतरित किए जाने की प्रक्रिया चल रही है। स्टेशन का डिजाइन लखनऊ की म्यूरलएज फर्म के आर्किटेक्ट नमित अग्रवाल तैयार कर रहे हैं। अग्रवाल ने ही अयोध्या जंक्शन के पुनर्विकास का मॉडल तैयार किया।संशोधित ले–आउट में सिर्फ मुख्य भवन के स्वरूप में बदलाव किया गया है। डिजाइन में स्टेशन को राममंदिर के स्वरूप में और निखारा गया है। एक बड़ा ग्रीन एरिया बनाए जाने सहित एक प्रवेश व दो निकास द्वार प्रस्तावित हैं। भूतल पर यात्री सुविधाओं के साथ दुकानें, कैफे, टिकटघर, प्रथम तल पर यात्रियों के लिए प्रतीक्षालय व अन्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी। फैजाबाद जंक्शन का पुनर्विकास भी रामनगरी की गरिमा के अनुरूप होगा। इसलिए स्टेशन के मुख्य भवन का स्वरूप राममंदिर की भांति प्रस्तावित है। संशोधित ले–आउट बेहतर है। स्टेशन के पुनर्विकास को लेकर रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष सुनीत कुमार व उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक आशुतोष गंगल से भी वार्ता की जा चुकी है।

## चौक में मल्टी लेवल पार्किंग की निर्माण साइट का मण्डलायुक्त व लविप्रा उपाध्यक्ष ने किया निरीक्षण

अवध की आवाज

लखनऊ। चौक स्थित फायर स्टेशन के पास की नजूल भूमि लगभग 24483 स्क्वायर फीट का निरीक्षण मण्डलायुक्त, लखनऊ/अध्यक्ष, लविप्रा रंजन कुमार द्वारा किया गया। निरीक्षण के समय उपाध्यक्ष लखनऊ विकास प्राधिकरण अक्षय त्रिपाठी, मुख्य अभियंता इंदु शेखर सिंह एवं कंसलटेंट अनुपम मित्तल तथा अधिशासी अभियंता प्रकाश शंकर मिश्रा उपस्थित थे। उक्त भूमि प्रमुख सचिव आवास एवं शहरी नियोजन के शासनादेश दिनांक 13 अगस्त, 2021 के द्वारा लखनऊ विकास प्राधिकरण को मल्टी लेवल पार्किंग एवं व्यावसायिक गतिविधियों हेतु हस्तांतरित की गई है। स्थल निरीक्षण के समय प्रस्तावित भूमि पर पहुंच मार्ग के संबंध में विचार विमर्श किया गया। साथ साथ प्रोजेक्ट की वायबिलिटी के संबंध में भी कंसलटेंट को भू उपयोग के अनुसार प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया गया। उक्त परियोजना को स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट से भी लिंक किए जाने पर विचार किया गया। पार्किंग प्रोजेक्ट बनने से चौक क्षेत्र में रहने वाले समस्त नागरिकों को न सिर्फ एक सुरक्षित एवं सुविधाजनक पार्किंग स्पेस उपलब्ध होगी, बल्कि ट्रैफिक जाम की समस्या से भी निजात मिलेगी।

## मशीनों से नरेगा कार्य करवाकर सरकारी धन का हो रहा बंदरबांट ग्रामीणों ने की शिकायत

अवध की आवाज ब्यूरो

कदौरा/जालौन। सरकार द्वारा नरेगा योजना के तहत गांव आँचल में गरीब परिवारों को रोजगार देकर उनके पेट पालने का कार्य बड़े पैमाने पर करती है परंतु उक्त योजना में भी ब्लाक अधिकारी कर्मचारी की मिली भगत से मजदूरों के पेट मे लात मारकर उक्त कार्य मशीनों से चोरी छिपे करवाकर सरकारी धन की बंदरबांट कर अपनी जेब भरी जा रही उक्त सम्बन्ध में ग्रामीणों द्वारा शिकायत कर जांच कार्यवाही की मांग की है। गौरतलब हो कि विकास खण्ड कदौरा में वर्तमान में नरेगा योजना में बड़ी धांधली को अंजाम दिया जा रहा है जिसमे काम न मिलने पर मजदूर परदेश पलायन को मजबूर है ।ग्राम पंचायत सुरौला निवासी ग्रामीण नर सिंह गंगा प्रसाद लल्लू शेख आदि लोगो द्वारा खण्ड विकास अधिकारी को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया कि उनकी ग्राम पंचायत में नरेगा के तहत हुए आधा दर्जन कच्चे कार्य जेसीवी व ट्रैक्टर से कराए गए है जिसमे बंधी निर्माण समतलीकरण लीलावती के खेत,व्रन्दावन का खेत लाखन के



खेत आदि कार्यो को मजदूर की वजाय मशीनीकरण से करवाकर सरकारी धन की बंदरबांट की गयी है ।वही ब्लाक की अधिकांश ग्राम पंचायतों में ब्लाक अधिकारी कर्मचारियों की मिली भगत से मजदूरों के फर्जी हस्ताक्षर कर मास्टर रोल तैयार कर लिया जाता है एव उक्त फर्जी मजदूरों(न काम करने वाले) के खाते में सरकारी धन डलवाकर उक्त धनराशि का बंदरबांट किया जाता है ।अलग अलग गांवो में मजदूरों का कहना है कि नरेगा कार्य मे मजदूरों के पेट मे लात मारकर सिर्फ अपनी जेब भरी जा रही है ।जिसकी कभी निष्पक्ष जांच नही होती है। उक्त नरेगा योजना से सरकारी कोष में सेंध लगाकर फर्जीवाड़ा के तहत ब्लाक अधिकारी कर्मचारी व प्रधान अपनी जेब भरने में लगे है जिससे सरकार व उच्चाधिकारी बेखबर है। गौर करने वाली बात ये है कि ब्लाक की अधिकांश ग्राम पंचायतों में वर्ष 2021 का लाखो रुपये की निकासी नरेगा के तहत हो चुकी है जबकि गांव के हालात जस के तस है बार बार वही बंधी वही समतलीकरण रातों रात मशीनों से कराकर चोरी छिपे उस कार्य का धन निकाल बंदरबांट कर लिया जाता है। और ब्लाक में यदि कोई शिकायत भी करे तो बीडीओ से लेकर सचिव तक उक्त शिकायत कर्ता को झूठ साबित करने का प्रयास आरम्भ कर देते है क्यो कि सबमे बंदरबांट हुआ तो उक्त फर्जीवाड़ा में जांच का प्रश्न ही नही उठता है। जबकि गांवो में अधिकांश जॉब कार्ड धारक मजदूर नरेगा में काम न कर कही परदेश य अन्य जगह मजदूरी करते है और उनके खाते में नरेगा का पैसा भी फर्जी रूप से डाल कर उसे कुछ परसेंट देकर बाकी धनराशि को ब्लाक अधिकारी रोजगार सेवक व प्रधान आपस मे बांट लेते है। फिलहाल फरियादियो को बिना सुने भगाने व फोन न उठाने वाले भृष्ट कदौरा बीडीओ को शिकायती पत्र देने के बाद असंतुष्ट ग्रामीणों द्वारा विधायक व उच्चाधिकारियों से शिकायत करने की बात कही है।

# सम्पादकीय

## बढ़ते पदक -घटते स्टेडियम और दावा 'खिलाड़ियों के प्रधानमंत्री' होने का?

भारतीय खिलाड़ियों ने कुछ दिन पूर्व टोकियो में संपन्न हुये ओलम्पिक खेलों से लेकर पैरालिम्पिक खेलों तक में अब तक के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के द्वारा अपनी शानदार प्रतिभा का लोहा तो जरूर मनवा दिया है परन्तु कई आलोचकों का यह भी मानना है कि भारत जैसे विश्व की दूसरी सबसे बड़ी आबादी के लिहाज से देश में जीत कर आने वाले पदकों की संख्या फिर भी कम है। परन्तु यदि पदक विजेता खिलाड़ियों की पारिवारिक व आर्थिक पृष्ठभूमि पर नजर डालें तो पायेंगे कि इनमें अधिकांश खिलाड़ी मध्यम,निम्न मध्यम अथवा गरीब परिवार के सदस्य हैं। कुछ पदक विजेता खिलाड़ी तो ऐसे भी हैं जिनके मां बाप ने मजदूरी कर अपने बच्चों को इस योग्य बनाया कि उन्होंने पदक जीत कर देश का नाम रौशन किया। इन खिलाड़ियों को प्रशिक्षण के लिये अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खिलाड़ियों को प्राप्त होने वाली वह सुविधायें तथा उस तरह का आहार भी नहीं मिल पाता जिसके वे हकदार भी हैं और उनके लिये जरूरी भी है। ऐसे ही मध्यमवर्गीय व गरीब परिवार से आने वाली प्रतिभाओं की बेबसी को उजागर करने वाली एक खबर पिछले दिनों तब सामने आयी जब धनबाद की रहने वाली एक प्रतिभाशाली निशनेबाज कोनिका लायक ने समाज सेवी फिल्म अभिनेता सोनू सूद से लगभग तीन लाख रूपये कीमत की एक जर्मन निर्मित राइफल खरीदने हेतु ट्वीटर के माध्यम से मदद मांगी। कोनिका लायक ने सोनू सूद को टैग करते हुए अपने ट्वीट में लिखा, '11वीं झारखंड स्टेट राइफल शूटिंग चौंपियनशिप में मैंने एक रजत और एक स्वर्ण पदक जीता। हालांकि, सरकार ने मेरी बिल्कुल भी मदद नहीं की है। कृपया एक राइफल के साथ मेरी मदद करें'।' सोनू सूद ने फौरन उसकी सहायता की और उसे वह रायफल मिल सकी। कोनिका ने इससे पहले खेलमंत्री मंत्री से लेकर स्थानीय सांसद तक से अपनी रायफल की जरुरत की गुहार लगायी थी। परन्तु हम आम तौर पर अपने देश में तो यही देखते आ रहे हैं कि पदक जीतने के बाद ही सरकारें अपनी 'इनायतों की बौछार ' करती हैं। जबकि इससे ज्यादा जरूरी है कि खिलाड़ियों को वह सभी सुविधाएं मुहैय्या कराई जायें जो उनकी खेल प्रतिभा को निखारने व पदक जीतने में सहायक हों।

इन सब वास्तविकताओं के बावजूद खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने ओलम्पिक में खिलाड़ियों के अच्छे प्रदर्शन का श्रेय प्रधानमंत्री को देने के आशय का एक लेख देश के तमाम अखबारों में संपादकीय पश्ष्ठ पर प्रकाशित कराया। इस आलेख में उन्होंने प्रधानमंत्री द्वारा नीरज चोपड़ा को चूरमा तथा पीवी सिंधु को आइसक्रीम पेश करना, बजरंग पुनिया के साथ हंसते रहना, रवि दहिया को और हंसने के लिए कहना तथा मीराबाई चानू के अनुभव सुनना तथा टोक्यो में भाग लेनेवाले प्रत्येक एथलीट के साथ समय बिताना,व पैरा ओलिंपिक दल के साथ बातचीत तथा उनकी प्रेरक जीवन यात्रा पर चर्चा तथा गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में खेल महाकुंभ पहल की शुरूआत करने जैसी कई बातों का उल्लेख किया। और यहां तक लिखा कि वे 'भारत के पहले प्रधानमंत्री हैं, जिन्हें 'खिलाड़ियों का प्रधानमंत्री' कहा जा सकता है।सरकार के और भी कई पक्षाकारों ने ओलम्पिक में खिलाड़ियों के अच्छे प्रदर्शन का श्रेय प्रधानमंत्री व उनकी सरकार की खेल नीतियों को देने की कोशिश की। अभी देश ओलम्पिक तथा पैरालिम्पिक खेलों में भारत के अच्छे प्रदर्शन का जश्न मना ही रहा था कि इसी बीच भारत सरकार की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन ने घोषणा कर दी कि रेलवे के 400 रेलवे स्टेशनों, 90 यात्री ट्रेनों के साथ साथ 15 रेलवे स्टेडियम व कई रेलवे कालोनियों तथा कोंकण व कई अन्य पहाड़ी क्षेत्रों की ट्रेनों व रेल लाइनों के पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पी पी पी ) के तहत निजी क्षेत्रों को देने का फैसला किया गया है। सरकार इस व्यवस्था को 'मॉनेटाईजेशन' का नाम भी दे रही है। परन्तु दरअसल सरकार द्वारा पी पी पी और मॉनेटाईजेशन जैसे शब्दों का प्रयोग 'निजीकरण ' शब्द के स्थान पर ही किया जा रहा है।

बहरहाल 'खिलाड़ियों के प्रधानमंत्री' की दौर–ए–हुकूमत में रेलवे की जो अरबों रूपये की संपत्ति पी पी पी के निशाने पर है उनमें खेल स्टेडियम के रूप में स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स डीएलडब्लू वाराणसी,मुंबई के परेल में स्थित इंडोर स्टेडियम और क्रिकेट ग्राउंड,पटना स्थित इंडोर स्टेडियम स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स, चेन्नई स्थित बेहाला स्टेडियम, रेलवे स्टेडियम स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स,कोलकाता, रायबरेली स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स, गुवाहाटी स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स,मालिगांव, कपूरथला स्टेडियम, बंगलुरू का येलाहंका क्रिकेट स्टेडियम स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स, सिकंदाराबाद, महालक्ष्मी स्टेडियम,मुंबई ,हॉकी स्टेडियम,राँची,लखनऊ क्रिकेट स्टेडियम ,गोरखपुर स्टेडियम तथा करनैल सिंह स्टेडियम, दिल्ली शामिल हैं। इनमें अनेक स्टेडियम ऐसे भी हैं जहां से प्रशिक्षित होकर हमारे देश की खेल प्रतिभाओं ने देश का नाम रौशन किया है। इन्हीं में रेलवे का सबसे बड़ा व प्रसिद्ध दिल्ली के कनॉट प्लेस का वह करनैल सिंह स्टेडियम भी है जहाँ से अभ्यास कर पी टी उषा ने 'उड़न परी' का खिताब हासिल किया था। इतना ही नहीं बल्कि ओलम्पिक में बजरंग पूनिया,मीरा चानू ,सुशिल,रवि कुमार,साक्षी, सहित और भी कई सुप्रसिद्ध पदक विजेता खिलाड़ी दिल्ली के इसी करनैल सिंह स्टेडियम की देन हैं। यह स्टेडियम दिल्ली के केंद्र कनॉट प्लेस में लगभग 6 एकड़ जमीन पर बना है जहाँ प्रशिक्षु खिलाड़ियों के प्रशिक्षण,आवास,अभ्यास आदि की सभी सुविधाएँ उपलब्ध हैं। इसी स्टेडियम से प्रशिक्षित होकर रेलवे ने अब तक ओलंपिक के 6 स्वर्ण पदक जीते हैं। परन्तु शायद 'खिलाड़ियों के प्रधानमंत्री' को लगता है कि जमीन के मूल्य के अनुसार इस जमीन से फायदा नहीं उठाया जा रहा है और अनुमानतः दो हजार करोड़ से ज्यादा कीमत की इस जमीन का सही उपयोग नहीं हो पा रहा है। यहाँ क्रिकेट में रणजी ट्राफी के अलावा मुक्केबाजी ,कुश्ती और कई अन्य खेलों के अभ्यास व प्रशिक्षण होते रहे हैं। इसके अतिरिक्त यहाँ खेलों के राष्ट्रीय शिविर भी लगते रहे है। जाहिर है पी पी पी (निजीकरण ) के बाद यह सभी गतिविधियां शायद संभव न हो सकें। खेल विशेषज्ञों का मानना है कि स्पोर्ट्स हब के रूप में अपनी पहचान रखने वाले इस स्टेडियम को समाप्त करने से भारतीय खेल प्रभावित होगा। परन्तु सरकार के कदम से तो यही लगता है कि उसे खिलाड़ियों की सुविधाओं व उनके पदक से ज्यादा फिक्र सरकारी संपत्ति से धनार्जन करने की है। ऐसे में सवाल यह है कि जब एक ओर देश में आने वाले पदकों की संख्या तो बढ़ रही हो और ठीक उसी समय स्टेडियम्स की संख्या में सरकार द्वारा कमी की जा रही हो इसके बावजूद 'खिलाड़ियों के प्रधानमंत्री' होने का दावा करना क्या विरोधाभास पैदा नहीं करता ?

# यूपी में खुल गए स्कूल : बच्चों में जबरदस्त उत्साह, मुख्यमंत्री योगी ने दी बधाई

लखनऊ। कोरोना की दूसरी लहर के बाद प्रदेश में पहली से पांचवीं कक्षा तक के स्कूलों में आज से कक्षाओं का संचालन शुरू हो गया। प्रदेश सरकार ने स्कूलों में बच्चों को कोरोना से बचाने के लिए कोविड प्रोटोकाल का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए हैं वहीं बच्चों के लिए स्कूलों में स्वच्छता से लेकर सभी आवश्यक प्रबंध किए गए हैं। आज बच्चों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला, जबकि अभिभावकों में अभी भी भय का माहौल है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि कोरोना महामारी के कारण पिछले सात माह से बंद विद्यालय आज एक सितंबर से पुनः प्रारम्भ हो रहे हैं। सभी बच्चों को ढेर सारी शुभकामनाएं। उन्होंने सभी गुरुजनों से विनम्र आग्रह किया कि सभी बच्चों का ध्यान रखें। हर हाल में कोरोना प्रोटोकॉल का पालन सुनिश्चित कराने में अपना योगदान दें। बेसिक शिक्षा परिषद के करीब 1 करोड़ 80 लाख विद्यार्थियों को इस वर्ष स्कूल बैग, स्कूल यूनिफार्म, जूता–मोजा और स्वेटर के लिए नकद राशि दी जाएगी। बेसिक शिक्षा विभाग ने स्कूलों के विधिवत संचालन की पूरी व्यवस्थाएं करने का दावा किया है। गौरतलब है कि कोरोना की पहली लहर के बाद एक मार्च से स्कूलों का संचालन शुरू किया गया था, लेकिन मार्च के दूसरे



सप्ताह से ही कोरोना की दूसरी लहर की आहट शुरू होते ही स्कूलों को बंद कर दिया गया था। प्रदेश में कोरोना की स्थिति नियंत्रण में होने पर मुख्यमंत्री ने सभी विद्यालयों में 23 अगस्त से कक्षा 6 से 8 और एक सितंबर पहली से पांचवीं कक्षाओं का संचालन शुरू करने के निर्देश दिए थे। प्रदेश में 24 अगस्त से 6वीं से 8वीं तक कक्षाओं का संचालन शुरू कर दिया था।

बेसिक शिक्षा निदेशक सर्वेन्द्र विक्रम सिंह ने बताया कि एक सितंबर से सभी विद्यालयों में पहली से पांचवीं तक की कक्षाओं का संचालन किया जाएगा। विद्यार्थियों और शिक्षिकों को कोविड से बचाने के लिए सोशल डिस्टेंसिंग का पालन कराने, सैनिटाइजर, मास्क और थर्मल स्कैनिंग के साथ स्वच्छता रखने के निर्देश दिए है। स्कूलों में समय–समय पर सैनिटाइजेशन कराया जाएगा, किसी भी बच्चे या शिक्षक में लक्षण मिलने पर तुरंत निकटतम स्वास्थ्य केंद्र को सूचित कर इलाज की उचित व्यवस्था की जाएगी।

**अभिभावकों में भय**

बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों ने घर घर पहुंचकर अभिभावकों से बच्चों को स्कूल भेजने की अपील की है। शिक्षक अभिभावकों को समझाने का प्रयास कर रहे है कि बच्चों को स्कूल में सुरक्षित महौल दिया जाएगा और कोविड प्रोटोकाल का पूरा पालन किया जाएगा लिहाजा वे अपने बच्चों को स्कूल भेजे। विभाग को फीड बैक मिला है बच्चे तो स्कूल आने के लिए उत्साहित है लेकिन अभिभावकों में अभी भी कोविड का भय है। विभाग के अधिकारियों का मानना है कि जैसे–जैसे स्कूलों में विद्यार्थियों की संख्या बढ़ेगी वैसे वैसे अभिभावकों का भय कम होगा।

**हर बच्चे को मिलेंगे करीब 1100 रूपये**

बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूलों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को इस वर्ष जूते मोजे, स्कूल बैग, स्कूल यूनिफार्म और स्वेटर की नकद राशि का भुगतान किया जाएगा। हर विद्यार्थी के अभिभावक के खाते में करीब 1100 रुपये ट्रांसफर किए जाएंगे। विभाग के अधिकारी के मुताबिक प्रत्येक विद्यार्थी को दो जोड़ी यूनिफार्म के 600 रुपये, 200 रुपये स्वेटर, 150 रुपये जूता मोजा और 150 रुपये स्कूल बैग के दिए जाएंगे।

# रायबरेली : ट्रकों की जबरदस्त भिड़ंत में दो चालकों की मौत, क्लीनर घायल

रायबरेली। रायबरेली में खीरों थाना क्षेत्र के सेमरी खीरों मार्ग पर मिर्जापुर गांव के सामने बुधवार की सुबह साढ़े पांच बजे दो ट्रकों की आमने सामने भिड़ंत हो गई। दोनों के चालकों की मौत हो गई, जबकि एक ट्रक का क्लीनर गंभीर रूप से घायल बताया जा रहा है। पुलिस ने ट्रक कटवाकर दोनों चालको को बाहर निकलवाया तथा दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है।



# भूमि विवाद में लाइसेंसी बंदूक से शख्स के सीने में मारी गोली, हालत नाजुक

देवरिया। उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले के महुआडीह थाना क्षेत्र के बेलवा बाजार में बुधवार की सुबह भूमि के विवाद में लाइसेंसी बंदूक से एक व्यक्ति को गोली मार दी गई। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। विवाद इस कदर बढ़ गया कि कुछ ही देर में हाथापाई होने लगा और एक व्यक्ति ने लाइसेंसी बंदूक से धर्मेंद्र राव के सीने में गोली मार दी। घटना के बाद अफरा– तफरी मच गई और सैकड़ों की संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए। गंभीर



परिजनों ने आनन–फानन उसे जिला अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने हालत नाजुक देख गोरखपुर मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। मिली जानकारी के मुताबिक, बेलवा बाजार निवासी धर्मेंद्र राव (50) पुत्र रविंद्र राव का अपने ही गांव के एक व्यक्ति से रास्ते की भूमि को लेकर विवाद चला आ रहा था। बुधवार सुबह उनका भतीजा शुभम रास्ते से ईंट हटा रहा था। इस दौरान दूसरे पक्ष के लोग आ गए और दोनों पक्षों में कहासुनी होने लगी। रूप से घायल धर्मेंद्र को परिजन जिला अस्पताल पहुंचाए। डॉक्टरों ने बताया कि सीने में गोली लगने के कारण उनकी हालत खराब है। उधर, ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस पहुंच गई और हमलावरों की तलाश में जुट गई है। गोली चलने की वारदात के बाद गांव में दहशत का माहौल पैदा हो गया है। इस बाबत थानेदार राम मोहन सिंह ने बताया कि हमलावरों की तलाश की जा रही है। लाइसेंसी बंदूक को कब्जे में लेने के लिए छापेमारी की जा रही है।

# जेसीबी लगवाकर हटाई जलकुम्भी, हटाते ही आवागमन शुरू

अवध की आवाज ब्यूरो

कहोबा चौराहा गोंडा विधानसभा 296–गोण्डा सदर के चंदवतपुर घाट पर बने पुल के ऊपर पिछले दो हफ्तों से तीन फुट पानी का भराव था। बतातें वाहन गुजरते हैं। मंगलवार को सुबह गाँव वालों के निर्देश पर जनसेवक सपा नेता सूरज सिंह ने मौके पर पहुँच कर जेसीबी मशीन द्वारा न केवल पुल के दोनों ओर जमी जलकुम्भी और गन्दगी हटाई गोस्वामी, संजय सिंह, छोटू सिंह, शिवा सिंह, तहजीब, गौरव वर्मा, देशराज भारती, रंजीत सोनकर, शुभम जायसवाल, नीरज पाण्डेय, आदि के साथ खुद भी श्रमदान कर मदद की, जिसका परिणाम ये रहा कि आधे करनी पड़ रही थी, लगभग 16 किमी ज्यादा चलना पड़ रहा था, ऐसे में सपा नेता ने क्षेत्रवासियों को राहत पहुँचायी है। उपस्थित लोगों में सर्व श्री कप्तान पाण्डेय, सुशील शुक्ल, नकछेद पाण्डेय, ईश्वर दयाल



चलें कि ये पुल दो विधानसभाओं विधानसभा गोण्डा एवं विधानसभा कटराबाजार के लोगों के आवागमन का प्रमुख साधन है, साथ ही साथ इस सड़क से लखनऊ जाने वाले बल्कि गाँववालों और समाजवादी कार्यकर्ताओं सर्व श्री शिव सम्पत, राजेश दीक्षित, सरफराज सोनू, भूपेंद्र सिंह, लालचंद्र गौतम, दिनेश यादव, लिटिल गुप्ता, सूरज घंटे के भीतर पानी तेजी से बहने लगा और जलभराव की स्थिति कम हो गयी। गाँव वालों ने बताया कि पिछले 10 दिनों से इस पार वालों को उस पार जाने में खासी मशक्कत पाण्डेय, मदन पाण्डेय, पीरू, बब्बन, अर्जुन पंडित, बबलू पाण्डेय, राजेन्द्र तिवारी, राजेन्द्र प्रसाद, मालिक राम तिवारी आदि लोगों ने इस अतुलनीय प्रयास की सराहना की।

# किसान महापंचायत एवं धरना प्रदर्शन का किया गया आयोजन

अवध की आवाज ब्यूरो

सिधौली–सीतापुर। जैसा कि आप सभी साथियों को ज्ञात है कि पिछले कई वर्षों से किसान मसीहा राजू गुप्ता जी तथा श्यामू शुक्ला जी के द्वारा किसानों की अस्तित्व की लड़ाई लड़ी जा रही है। उसी क्रम में.13 सितंबर 2021 दिन सोमवार सुबह 10:00 बजे रोडवेज बस अड्डे के पास सिधौली में किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर तथा सिधौली के भ्रष्ट प्रशासन के खिलाफ पहली बार ऐतिहासिक किसान महापंचायत एवं धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया है।समय कम है काम ज्यादा है इसलिए सभी साथियों से विनम्र निवेदन है। यह किसान के अस्तित्व की लड़ाई है एक बार हम लोगों को संगठित होकर यह दिखा देना है कि हम मालिक हैं और तुम नौकर हो इन भ्रष्टाचारियों को मुंह तोड़ जवाब देना है।इसलिए सभी साथी जाति बिरादरी धर्म मजहब तथा आपस के गिले–शिकवे भूलकर एक बार किसान बनकर पूरी ताकत से लग जाएं । और सभी को संगठित होकर किसान महापंचायत में आने की अपील है। तथा सोशल मीडिया के माध्यम से फेसबुक में माध्यम से व्हाट्सएप के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार करें। भारतीय किसान यूनियन अवध की पोस्ट को ज्यादा से ज्यादा शेयर करें कमेंट करें। और सभी साथी अपने अपने क्षेत्र की समस्याओं को लेकर आए जिससे की मौके पर उन समस्याओं का समाधान कराया जाए। अगर आपको लगे कि हम लोग सच्चाई ईमानदारी से आपकी आवाज उठा रहे हैं। तो प्लीज हाथ जोड़कर सभी साथियों से विनम्र निवेदन करता हूं कि 1 दिन अपने किसान परिवार के लिए निकालें अगर हमने जाने अनजाने कभी कोई गलती की हो तो उसके लिए हमें क्षमा करना। आपकी इस लड़ाई में अगर हमारी जान भी चली जाए तो मैं अपने आप को सौभाग्यशाली समझूंगा। आपका प्यार और आशीर्वाद ही हमारी ताकत है और हमें कुछ नहीं चाहिए, आपका सेवक, मयंक सिंह चौहान, प्रदेश महामंत्री भारतीय किसान यूनियन अवध राजू गुप्ता संगठन उत्तर प्रदेश, संपर्क सूत्र 9918 8224 40



उन्नाव। दिनांक 01.09.2021 को मिशन शक्ति फेश–3 के तहत म0उ0नि0 अर्चना चौकी इंचार्ज महिला रिपोर्टिंग चौकी बीघापुर व उनकी टीम द्वारा विभिन्न जाकरूकता कार्यक्रम आयोजित कर क्षेत्रीय महिलाओं एवं बालिकाओं को महिला सशक्तिकरण एवं महिला संबन्धी अपराधों से बचाव हेतु हेल्पलाइन नंबरों से अवगत कराते हुए जागरुक किया गया।

# बुधवार से सात सितम्बर तक उत्सव के रूप में मनेगा मातृ वंदना सप्ताह

अवध की आवाज ब्यूरो

कहोबा चौराहा गोंडा। पहली बार गर्भवती होने वाली या धात्री माँ वाली महिलाओं के बेहतर स्वास्थ्य देखभाल और पोषण के लिए देश भर में चलायी जा रही प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना को गति प्रदान के लिए एक से सात सितम्बर तक मातृ वंदना सप्ताह मनाया जाएगा । सप्ताह को एक उत्सव के रूप में मनाने की योजना है, जिसके तहत सप्ताह के हर दिन अलग–अलग गतिविधियाँ आयोजित की जायेंगी । एसीएमओ ने कहा कि मातृ वंदना सप्ताह के पहले दिन (एक सितम्बर) कार्यक्रम के शुभारम्भ में जनप्रतिनिधियों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी । शासन द्वारा जारी पत्र के क्रम में जनपद के समस्त अधीक्षक एवं प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को यह निर्देशित किया गया है कि हर ब्लॉक पर माँ–बच्चे एवं गर्भवती के लिए सेल्फी कार्नर बनाया जाए और माँ एवं प्रथम शिशु अथवा गर्भवती की सेल्फी सोशल मीडिया जैसे–ट्विटर व व्हाट्सएप पर जनपद, राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर अपलोड की जाए ताकि चयनित फोटो को राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाले पुरस्कार वितरण समारोह में प्रदर्शित किया जा सके । गर्भवती व धात्री महिला को सामुदायिक सहयोग सुनिश्चित करने के लिए पंचायत स्तर पर हस्ताक्षर अभियान चलाया जाए । सप्ताह के दूसरे दिन (दो सितम्बर) योजना के सफल क्रियान्वयन व उसके उद्देश्यों के लिए ग्राम सभा व शहरी निकाय की बैठक हो । ग्राम सभा स्तर पर पम्प्लेट्स का वितरण किया जाये, जिसमें योजना के लाभ एवं हेल्पलाइन नम्बर 7998799804 को अवश्य अंकित किया जाए । तीसरे दिन (तीन सितम्बर) घर–घर अभियान चलाकर पात्र लाभार्थियों से प्रपत्र एकत्र कर उसी दिन कम्प्यूटर पर दर्ज कर अप्रूवल की प्रक्रिया शुरू की जाए । शून्य व निष्क्रिय आशा कार्यकर्ताओं को प्रोत्साहित किया जाए कि वह अपने क्षेत्र की सभी पात्र लाभार्थियों का फार्म भरवाएं । गर्भवती को इसी दौरान कोविड टीकाकरण के प्रति जागरूक किया जाए । चौथे दिन (चार सितम्बर) कोरोना प्रोटोकाल का पालन करते हुए स्टेक होल्डर्स के साथ बैठक कर बैंक, डाक घर, यूआईडीआई, पंचायती राज व सम्बंधित क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं के साथ शिविर का आयोजन किया जाए । पांचवें दिन (पांच सितम्बर) विशेष अभियान चलाकर करेक्शन क्यू में कमी लायी जाये, द्वितीय व तृतीय किश्त के मामलों का निस्तारण किया जाए और कोविड टीकाकरण के लिए संवेदीकरण अभियान चलाया जाए । छठे दिन (छह सितम्बर) प्राथमिक व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर महिला सामुदायिक इवेंट का आयोजन हो । गर्भवती को मौसमी फल, पौष्टिक आहार व अन्य खानपान की जानकारी दी जाए । पकवान, प्रश्नोत्तरी व स्लोगन लेखन प्रतियोगिता आयोजित की जाए और कोविड टीकाकरण के लिए विशेष शिविर आयोजित हो । वहीं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आर.एस. केसरी ने बताया कि सप्ताह के आखिरी दिन (सात सितम्बर को) सहयोगी संगठनों व जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित कर उत्कृष्ट उपलब्धि वाले ब्लॉक



स्तरीय अधिकारियों और उच्च उपलब्धि वाली आशा, आशा संगिनी व एएनएम को पुरस्कृत किया जाएगा ।

**योजना के तहत तीन किश्तों में मिलते हैं 5000 रूपये :**

प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के जिला कार्यक्रम समन्वयक सुमित श्रीवास्तव ने बताया कि पहली बार गर्भवती होने पर योजना के तहत पंजीकरण के लिए गर्भवती और उसके पति का कोई पहचान पत्र या आधार कार्ड, मातृ–शिशु सुरक्षा कार्ड, बैंक पासबुक की फोटो कापी जरूरी है । बैंक अकाउंट ज्वाइंट नहीं होना चाहिए । पंजीकरण के साथ ही गर्भवती को प्रथम किश्त के रूप में 1000 रुपये दिए जाते हैं । प्रसव पूर्व कम से कम एक जांच होने और गर्भावस्था के छह माह बाद दूसरी किश्त के रूप में 2000 रुपये और बच्चे के जन्म का पंजीकरण होने और बच्चे के प्रथम चक्र का टीकाकरण पूरा होने पर धात्री महिला को तीसरी किश्त के रूप में 2000 रुपये दिए जाते हैं। यह सभी भुगतान गर्भवती के बैंक खाते में ही किये जाते हैं ।

# यूपी में बसपा भी खेल रही हिन्दुत्व का कार्ड, भाजपा की राह पर मायावती

लखनऊ, (वेब वार्ता)। उत्तर प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक दल अपने समाजिक समीकरण दुरूस्त करने में लगे है। ऐसे में बहुजन समाज पार्टी(बसपा) भी भाजपा की तर्ज पर हिन्दुत्व की राह पर चलती दिखाई दे रही है। इसकी बानगी यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री रहे कल्याण सिंह की श्रद्धांजलि सभा में देखने को मिली है। जिसमें पार्टी के महासचिव सतीष चन्द्र मिश्रा वहां पहुंचे और भाषण में कल्याण सिंह को अपनी बात पर अटल रहने वाला नेता बताया। यह कोई पहला वकया नहीं है ऐसे कई उदाहरण जिसमें बसपा का झुकाव अब हिन्दुत्व की ओर होता दिखाई दे रहा है।

राजनीतिक विश्लेषकों की मानें तो सतीष चन्द्र मिश्रा यूं ही श्रद्धांजलि सभा में नहीं पहुंचे, इसके और भी कई मायने हैं। कल्याण सिंह पिछड़ों के साथ प्रखर हिन्दूवादी नेता माने जाते थे, क्योंकि यह सभा किसी पार्टी और बैनर तले नहीं आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम का आयोजन भाऊराव देवरस न्यास ने किया था, जो संघ देखता है। मिश्रा ने इस मौके पर शामिल होकर एक बड़ा संदेश दिया है। इसके पहले भी वह प्रबुद्ध सम्मेलन की शुरूआत अयोध्या के रामलला दरबार में बकायदे हाजिरी लगाकर दी है। उनकी सभा में जय श्री राम और जय परशुराम के नारे भी लगाए गये। घंटा घड़ियाल शंखनाद भी हुआ। मंच पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संत



भी नजर आए। अयोध्या, मथुरा, काशी, चित्रकूट जैसी जगहों पर सम्मेलन कराकर इन हिन्दुत्व आस्था वाले केन्द्रों पर एक संदेश दिया गया। प्रबुद्ध वर्ग सम्मेंलन में संबोधन सिर्फ राजनीति तक सीमित नहीं रहा बल्कि मंच से हिन्दुत्व का झंडा बुंदल करते हुए इन धार्मिक स्थलों की दुर्दषा का बढ़चढ़ कर बयान किया गया। बसपा सरकार आने पर अयोध्या समेत काशी व मथुरा व यूपी के सभी ध ाार्मिक स्थलों के समग्र विकास का भरोसा भी दिया गया है।

बसपा के एक नेता ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि बसपा ने यह जो लाइन पकड़ी है। इससे पार्टी के अल्पसंख्यक वोट छिटक सकते है, क्योंकि पार्टी अभी दलित और ब्राम्हणों की एकजुटता की लाइन पकड़ी है, लेकिन धार्मिक स्थलों पर जा कर वहां से सम्मेलनों की शुरूआत या फिर अन्य निर्णयों से इसमें किसी एक धर्म को खुश करने के प्रयास नजर आ रहे हैं। वरिष्ठ राजनीतिक विश्लेषक राजीव श्रीवास्तव कहते हैं 2014 के बाद से भाजपा ने हिन्दुत्व के मुद्दे को धार दी है। डंके चोट इस मुद्दे को लेकर पार्टी कई सालों से लेकर चल रही है। इसी के बलबूते उसने केन्द्र और राज्य पर सरकार भी बनाई है। इससे एक बात साफ हो गयी है हिन्दू को छोड़कर किसी और की राजनीति करने में नुकसान दिख रहा है। बहुसंख्यक आबादी उसे साथ लेकर चलने सत्ता पाने में आसानी होगी। किसी खास एक वर्ग को साधने पर ज्यादा फायदा नहीं दिखता है। बसपा ने 2007 में जो सत्ता पायी थी, उसमें अपर कास्ट की राजनीति की थी। सत्ता में आने के लिए अन्य वर्ग की बात तो करें लेकिन हिन्दू को इग्नोर करके राजनीति करना मुश्किल है। यह राह 2014 से भाजपा ने सबको दिखाई है।

एक अन्य विश्लेषक अभिषेक बाजपेई ने बताया, बसपा को समझ में आ गया है कि सिर्फ दलितों की राजनीति करके पार्टी का भला नहीं हो सकता है। यही वजह है कि पार्टी जानती है ब्राम्हण दलित समीकरण सत्ता में आने की एक कुंजी है, जिससे वह पूर्व में भी जीत का स्वाद चख सरकार बना चुकी है। बसपा के प्रदेश प्रवक्ता डा. एमएच खान कहा, बसपा सर्वजान हिताय सर्वजान सुखाय की बात करता है। हिन्दू कोई समाज से अलग थोड़े है। न हिन्दू अलग न मुस्लिम अलग है। हिन्दू के नाम पर दलितों को मारा जाएगा पीटा जाएगा यह कितना सही है। प्रबुद्ध सम्मेंलन कोई हिन्दू सम्मेलन नहीं है। कल्याण सिह राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रहे उनकी सभा में जाना एक अच्छी परंपरा है।

# नीदरलैंड ने यूपी डेयरी किसानों को प्रशिक्षित करने की पेशकश की

लखनऊ, (वेब वार्ता)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लखनऊ में मिले नीदरलैंड के राजदूत मार्टन वान डेन बर्ग ने देश के कृषि और डेयरी क्षेत्र के आधुनिकीकरण में राज्य का समर्थन करने की इच्छा व्यक्त की है। राजदूत ने मुख्यमंत्री को यह भी बताया कि नीदरलैंड अपने डेयरी किसानों को इस क्षेत्र में काम करने वाली उन्नत तकनीकों में प्रशिक्षित करने के लिए राज्य में एक प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करने का इच्छुक है। मंगलवार की देर शाम हुई बैठक के दौरान, मुख्यमंत्री ने राजनयिक को ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में राज्य की दूसरी रैंकिंग के बारे में अवगत कराया, जिसने विभिन्न देशों और क्षेत्रों से निवेश और समर्थन जारी रखा है। राज्य सरकार और नीदरलैंड पहले से ही अक्षय ऊर्जा, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन और जल प्रबंधन सहित कई क्षेत्रों में एक साथ काम कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने खाद्य प्रसंस्करण के लिए तकनीकी प्रगति का उपयोग करने पर चर्चा की जो किसानों को फूलों के उत्पादन और डेयरी फार्मों में अपनी आय को दोगुना करने में मदद कर सकती है। इस बीच, मुख्य सचिव आर.के. तिवारी ने एक विज्ञप्ति में कहा कि उत्तर प्रदेश और नीदरलैंड आपसी सहयोग से विभिन्न परियोजनाओं पर काम कर रहे हैं और दोनों के बीच व्यापार और निवेश की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने कानपुर में चमड़े के समूहों में डच सहयोग का भी उल्लेख किया।

# राजकीय कन्या इण्टर कालेज की छात्राओं को आग से सुरक्षित रहने और आग बुझाने का दिया गया प्रशिक्षण:

अवध की आवाज ब्यूरो

उन्नाव। (सू0वि0) जिला अग्निशमन अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री स्कूल सुरक्षा कार्य क्रम के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक अविनाश पाण्डेय एवं अपर जिलाधि ाकारी राकेश सिंह के निर्देशानुसार राजकीय कन्या इण्टर कालेज अचलगंज उन्नाव की छात्राओं को आग से सुरक्षित रहने और आग बुझाने का प्रशिक्षण शिवदरस प्रसाद जिला अग्निशमन अधिकारी उन्नाव द्वारा अपनी टीम और टाइम्स सेन्टर फार लर्निंग लि0जिला कोर्डिनेटर रजनीश कुमार, मास्टर ट्रेनर कु0 अंजू मिश्रा एवं स्कूल की अध्यापिकाओं की उपस्थिति में प्रशिक्षण दिया गया।अग्निशमन अधि ाकारी उन्नाव द्वारा एल0 पी0 जी0 सिलेण्डर का सुरक्षित तरीके से उपयोग करना भी सिखाया गया। बच्चों को आपदा से सुरक्षित विद्यालय भवन खाली करने हेतु इक वेशन ड्रिल कराया गया।



# यूपी की ब्राह्मण राजनीति में एससी मिश्रा की पत्नी की हुई एंट्री

लखनऊ, (वेब वार्ता)। ब्राह्मणों को लुभाने के अपने अभियान में, बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने अब अपना ध्यान ब्राह्मण समुदाय की महिलाओं पर केंद्रित करने का फैसला किया है। इस अभियान की अगुवाई बसपा सांसद सतीश चंद्र मिश्रा की पत्नी कल्पना मिश्रा कर रही हैं। कल्पना मिश्रा ने सभी व्यावहारिक उद्देश्यों के लिए राजनीति में कदम रखा है। वह अब स्वतंत्र रूप से महिलाओं के प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलनों को संबोधित कर रही हैं। उन्होंने मंगलवार को अपने आवास पर ऐसी ही एक बैठक को संबोधित किया। पार्टी सूत्रों ने कहा कि वह धीरे–धीरे अन्य जिलों में जाएंगी और इसी तरह के सम्मेलनों को संबोधित करेंगी। अपने आवास पर कॉन्क्लेव में बोलते हुए उन्होंने कहा कि मायावती शासन के दौरान, हमारी बेटियां और बहनें देर रात भी अपने घरों से बाहर निकल सकती थीं। कल्पना मिश्रा ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश में चारों तरफ अराजकता का माहौल है। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस मुठभेड़ों में ब्राह्मण समुदाय के लोगों को मारा जा रहा है। बहुजन समाज पार्टी ने अब तक कभी भी महिला नेताओं को पार्टी की बैठकों को संबोधित करने के लिए प्रोत्साहित नहीं किया था। सूत्रों ने कहा कि पार्टी अब एक महिला विंग–बहुजन महिला मोर्चा–का गठन कर सकती है और कल्पना मिश्रा को इसका नेतश्त्व करने के लिए कहा जा सकता है।

# किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कामेश्वर सिंह एवं रामबाबू द्विवेदी प्रदेश महामंत्री के उन्नाव प्रथम आगमन पर भव्य स्वागत

अवध की आवाज ब्यूरो

उन्नाव। किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कामेश्वर सिंह एवं रामबाबू द्विवेदी प्रदेश महामंत्री के प्रथम आगमन पर उन्नाव जनपद में भव्य स्वागत हुआ। भारतीय जनता पार्टी के नारे लगे। वहीं पर मौजूद अवध की आवाज के ब्यूरो चीफ गुड्डू निषाद दीपक निषाद संजय बीडीसी आकाश आर्यन कटरी पीपलखेड़ा के काफी लोग गुड्डू सिंह, बंथर सहित काफी मात्रा में लोग मौजूद रहे । वहीं पर मौजूद अवध की आवाज के ब्यूरो चीफ गुड्डू मिश्रा ने अध्यक्ष से मिलकर स्वागत किया। पत्रकारों के उत्पीड़न की भी चर्चा





मिश्रा सहित पत्रकार भाइयों का अनिल निषाद द्वारा स्वागत किया गया। प्रदेश अध्यक्ष के स्वागत में विशेष रुप से सुनील तिवारी , अनिल की। उनकी तरफ से आश्वासन मिला। कटरी पीपलखेड़ा प्रधान पुत्र से अवध की आवाज उन्नाव ब्यूरो द्वारा चर्चा किया गया।

# अपने कार्यो की वजह से क्षेत्र में लोकप्रिय हो रहे हैं सपा नेता चौधरी हिमांशु पटेल

## क्षेत्र की जनता को मिला दूसरा कृष्ण गोपाल पटेल

अवध की आवाज ब्यूरो

निघासन खीरी। जी हां हम बात कर रहे हैं 138 विधानसभा निघासन की जिसमें समाजवादी पार्टी से कई लोग अपनी दावेदारी पेश कर रहे हैं और क्षेत्र में लगातार दौड़ भाग भी शुरू कर दी है पर



हम एक ऐसे नेता की बात कर रहे हैं जिसने क्षेत्र में अपने कार्यों की वजह से अपनी एक अलग ही पहचान बना ली है वो नेता कोई और नही निघासन के पूर्व विधायक स्वर्गीय कृष्ण गोपाल पटेल के पुत्र चौधरी हिमांशु पटेल हैं। स्वर्गीय कृष्ण गोपाल पटेल को कौन नही जानता उन के इस तरह चले जाने से निघासन क्षेत्र की जनता ने एक बहुत ही बड़ा नेता खो दिया जिसकी कमी को कोई भी भर नही सकता। विधायक रहते हुए उनके द्वारा कई कार्य कराये गए क्षेत्र में विकास क्या होता है उन्होंने लोगों को बताया था स्वर्गीय कृष्ण गोपाल पटेल लोगों के पसंदीदा नेता भी थे स्वर्गीय पटेल जी के चले जाने के बाद लोगों को यह नहीं लग रहा था कि उनकी कमी को कोई भी नेता भर नही सकता है। पर क्षेत्र की जनता द्वारा जो बताया जा रहा है उससे यह लग रहा है कि चौधरी हिमांशु पटेल उनकी कमी को पूरा कर सकते है। क्योंकि लोगो को लग रहा है कि वो उन्हीं के पद चिन्हों पर चल रहे है। उन्हीं के जैसे लोगों से रूबरू हो रहे हैं लोगों का कहना है मानो एक नया कृष्ण गोपाल पटेल हम सबके सामने फिर से आ गया हो क्षेत्र की जनता का कहना है कि निघासन विध ाानसभा क्षेत्र में किसी के कोई दुख तकलीफ की सूचना हिमांशु को मिलती है तो वो तुरन्त उस परिवार से मिलकर हर संभव मदद भी करते हैं। चौधरी हिमांशु पटेल का दावे के साथ कहना है की इस बार विध ाानसभा सीट वह जीत कर राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को तोहफे में देंगे साथ ही अपने पिता श्री के अधूरे सपनों को पूरा करेंगे।

# लड़की को अगवा कर बलात्कार करने का आरोपी गिरफ्तार

बलिया, (वेब वार्ता)। बलिया जिले के सुखपुरा क्षेत्र के एक गांव में 17 साल की एक लड़की को कथित रूप से अगवा कर उससे बलात्कार किये जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है । पुलिस सूत्रों ने बुधवार को बताया कि सुखपुरा थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली एक किशोरी को गत 25 अगस्त को सुल्तान (25) नामक युवक ने अगवा कर लिया। बहुसंख्यक समुदाय की उस किशोरी के पिता की शिकायत पर सुल्तान के विरुद्ध अगवा करने का मामला दर्ज किया गया था। उन्होंने बताया कि पुलिस को वह किशोरी पिछली 30 अगस्त को बलिया रेलवे स्टेशन पर मिली। पुलिस ने किशोरी का जिला अस्पताल में चिकित्सकीय परीक्षण कराने के बाद अदालत में कलमबंद बयान दर्ज कराया। लड़की ने सुल्तान पर अगवा कर बलात्कार करने का आरोप लगाया। किशोरी के बयान के आधार पर मुकदमे में बलात्कार व पॉस्को कानून की धारा के तहत आरोप जोड़े गए। सूत्रों ने बताया कि पुलिस ने मंगलवार को आरोपी सुल्तान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. मनोज अग्रवाल ने बुधवार को फैजुल्लागंज क्षेत्र का भ्रमण किया

अवध की आवाज ब्यूरो

लखनऊ। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. मनोज अग्रवाल ने बुधवार को फैजुल्लागंज क्षेत्र का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्रीय लोगों से अपील की कि घरों और आस–पास साफ – सफाई रखें , कहीं पर भी पानी इकठ्ठा न होने दें क्योंकि रुके हुए पानी में डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियां फैलाने वाले मच्छर पनपते हैं। इसलिए गमलों, फ्रिज और गमलों की ट्रे, पुराने टायर, बर्तन और कूलर की नियमित रूप से सफाई करें। पूरी बांह के कपड़े पहनें , मच्छर रोधी क्रीम का इस्तेमाल करें और खिड़की – दरवाजों में जाली का प्रयोग करें।

राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियन्त्रण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डा. के.पी.त्रिपाठी ने कहा– अगर हम सावधानी बरतें तो बीमारियों को रोक सकते हैं। वह स्थितियां ही उत्पन्न न होने दें जिससे डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियां हों। साफ –सफाई का विशेष ध्यान रखें। इसके साथ ही आज के मौसम में खाने पीने का अवश्य ध्यान रखें। घर का बना हुआ ताजा भोजन ही करें। खुले में बिक रहे खाने के सेवन से बचें। इन बातों के साथ–साथ मास्क लगाना, दो गज की सामाजिक दूरी का पालन करना और बार – बार हाथ धोना न भूलें। बुखार आने पर खुद से कोई इलाज न करें। नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर जाँच और इलाज कराएं।









भ्रमण के दौरान क्षेत्र मे जल भराव वाले स्थलों पर स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा एण्टी लार्वा स्प्रे व् नगर निगम की टीम द्वारा फागिंग व साफ–सफाई की गयी।

इस अवसर पर उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. के.डी. मिश्रा, जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी योगेश रघुवंशी और मलेरिया इन्स्पेक्टर प्रशांत वर्मा उपस्थित थे। इस दौरान क्षेत्र के 215 घरों तथा विभिन्न स्थानों पर मच्छरजनित स्थितियों का सर्वेक्षण किया गया तथा दो घरों में मच्छरजनित स्थितियां मिलने पर नोटिस जारी की गयी।

# विद्यालय परिसर में भरा पानी अध्यापक ने दूसरे विद्यालय में पढ़ाई करवाने की ठानी जिम्मेदार की आनाकानी

अवध की आवाज ब्यूरो

रुपईडीह/गोंडा। शिक्षाक्षेत्र में एक तरफ सरकार पैसा पानी की तरह बहाकर शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए दिन रात शासन प्रयासरत है बाउजूद अभी भी कुछ ऐसे विद्यालय है जहां मूलभूत सुविध ााओं का अभाव है। जिसका जीता जागता उदाहरण बलहीजोत के पूर्व माध्यमिक विद्यालय का है । जहाँ कई सालों से विद्यालय परिसर के बगल स्थिति तालाब से निरंतर परिसर में गंदा पानी आ रहा है। जिससे प्रांगड में हुए जलजमाव की वजह से पूरा बरसात भर विद्यालय सुचारू रूप से संचालित नहीं हो पाता। प्रध ाानाचार्य राजेश कुमार तिवारी ने बताया की समस्या इतना जटिल है कि हम अपने विद्यालय के सारे बच्चों को लेकर ढेड किलोमीटर दूर स्थित प्राथमिक विद्यालय में ले जाकर और पढ़ाई करवाते हैं । मामले की शिकायत ग्राम प्रध ाान से लेकर शिक्षा विभाग के अधिकारियों सहित खंड विकास अध ाकारी तक करने के बाद भी अभी तक किसी के द्वारा समस्या का निस्तारण करने का जहमत नहीं उठाई गई है।



# मातृ वंदना सप्ताह का जनप्रतिनिधियों ने किया शुभारम्भ

## प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना को गति प्रदान करने को आयोजित होंगी विभिन्न गतिविधियाँ

## पहली बार गर्भवती होने पर योजना के तहत तीन किश्तों में मिलते हैं पांच हजार रूपये

अवध की आवाज ब्यूरो

लखनऊ। पहली बार गर्भवती होने वाली महिलाओं के बेहतर स्वास्थ्य देखभाल व उचित पोषण प्रदान करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (पीएमएमवीवाई) एक जनवरी 2017 से चलायी जा रही है। इसके तहत तीन किश्तों में पांच हजार रूपये प्रदान किये जाते हैं। योजना को गति प्रदान करने के उद्देश्य से बुधवार को मातृ वंदना सप्ताह का शुभारम्भ माल , महिलाबाद, काकोरी, सहित जनपद के सभी सामुदायिक (सीएचसी) एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केद्रों (पीएचसी) पर जनप्रतिनधियों द्वारा किया गया।

मलिहाबाद सीएचसी पर विधायक जया देवी, नवल किशोर रोड (एन. के.रोड) और रेडक्रॉस सीएचसी पर विधायक डेंजिल गोडिन ने मातृ वन्दना सप्ताह का शुभारम्भ किया। इस मौके पर उन्होंने कहा दृ अगर गर्भवती स्वस्थ और सुपोषित है तो गर्भ में पल रहा बच्चा भी स्वस्थ होगा। इसके लिए जरूरी है कि गर्भ का पता चलते ही महिला का पंजीकरण कर स्वास्थ्य की जाँच की जाये द्य इसी की ध्यान में रखते हुए पीएमएमवीवाई योजना शुरू की गयी है। योजना के तहत पहली बार गर्भवती होने पर पोषण के लिए पांच हजार रुपये तीन किश्तों में गर्भवती के खाते में दिए जाते हैं द्य पहली किश्त 1,000 रुपये की गर्भधारण के 150 दिनों के अंदर पंजीकरण कराने पर, दूसरी किश्त में 2,000 रुपये 180 दिनों के अन्दर व 2,000 रूपये की तीसरी किश्त प्रसव पश्चात तथा शिशु के प्रथम टीकाकरण चक्र के पूरा होने पर मिलते हैं। इस तरह से महिला की पूरी गर्भावस्था के दौरान कम से कम 4 जांचें और शिशु का पहला टीकाकरण चक्र सुनिश्चित हो जाता है। इस सप्ताह को इसलिए शुरू किया गया है ताकि अधिक से अधि ाक गर्भवती का पंजीकरण किया जाए और उन्हें इस योजना का लाभ दिया जाये।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. मनोज अग्रवाल ने कहा – जिले में पीएमएमवीवाई को गति प्रदान करने, सभी पात्र गर्भवती एवं धात्री माताओं को लाभ पहुंचाने , जन सामान्य तक योजना का प्रचार–प्रसार करने, स्वास्थ्य पोषण एवं स्वच्छता के प्रति संवेदनशीलता को बढ़ावा देने एवं कोविड –19 का टीकाकरण कराने के उद्देश्य से एक सितम्बर से सात सितम्बर तक ष्मातृ वंदना सप्ताह" समारोह के रूप में मनाया जायेगा। हर साल मनाये जाने वाले इस सप्ताह की इस बार की थीम 'मातृ शक्ति–राष्ट्र शक्ति' निर्धारित की गयी है । इसके तहत सप्ताह के हर दिन अलग–अलग गतिविधि ायाँ आयोजित की जायेंगी । आखिरी दिन (सात सितम्बर) को सहयोगी संगठनों व जनप्रतिनिधि ायों को आमंत्रित कर उत्कृष्ट उपलब्धि वाले ब्लाक स्तरीय अधि ाकारियों और उच्च उपलब्धि वाली आशा, आशा संगिनी व एएनएम को पुरस्कृत किया जायेगा । इस बार इस सप्ताह के दौरान गर्भवती को कोविड टीकाकरण के प्रति विशेष तौर पर जागरूक करने की भी योजना है । धार–धार अभियान चलाकर गर्भवती को कोविड–19 टीकाकरण के बारे में बताया जायेगा। गर्भवती के लिए कोविड–19 टीकाकरण हेतु विशेष कैम्प आयोजित किये जायेंगे। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा– इस समारोह के माध्यम से



गर्भवती को उनके स्वास्थ्य एवं पोषण के प्रति जागरूक किया जायेगा। उन्हें प्रसवपूर्व देखभाल, संस्थागत प्रसव के लाभ, शिशु टीकाकरण तथा बच्चे को छह माह तक केवल स्तनपान कराने के बारे में भी बताया जायेगा। इसके अलावा जो बच्चे नियमित टीकाकरण से वंचित रह गए हैं उनका टीकाकरण भी किया जायेगा द्य इससे सम्बंधित गतिविधियां स्वास्थ्य उपकेन्द्रों, प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर आयोजित की जाएँगी। इस मौके पर पीएमएमवीवाई के नोडल अधिकारी व अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. आरवी सिंह, जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी योगेश रघुवंशी, सीएचसी के चिकित्सा अधीक्षक, पीएमएमवीवाई के जिला कार्यक्रम समन्वयक सुधीर वर्मा, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी सहित सीएचसी के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# तापसी पन्नू ने 'ब्लर' की शूटिंग पूरी की

मुंबई, (वेब वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री तापसी पन्नू ने अपनी आने वाली फिल्म 'ब्लर' की शूटिंग पूरी कर ली है। जी स्टूडियोज, इकोलोन प्रोडक्शंस और तापसी के प्रोडक्शन हाउस 'आउटसाइडर फिल्म्स' निर्मित फिल्म 'ब्लर' साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म है। 'ब्लर' तापसी की प्रोड्यूसर के तौर



पर पहली फिल्म भी है। अजय बहल निर्देशित इस फिल्म की कहानी पवन सोनी और अजय बहल ने लिखी है। इस फिल्म में तापसी के अलावा गुलशन देवैया भी लीड रोल में नजर आने वाले हैं। बताया जा रहा है कि यह थ्रिलर फिल्म दर्शकों को अपरिहार्य परिस्थितियों में फसी एक लड़की की कहानी और उसके बाद आने वाले रोमांच और नाटक से रूबरू करवाती है। नैनीताल में बड़े पैमाने पर फिल्माई गयी इस फिल्म की टीम की खुशी सातवें आसमान पर है, क्योंकि उन्होंने छोटे शहर में 'ब्लर' का चुनौतीपूर्ण शेड्यूल पूरा किया है। यह फिल्म 2022 में रिलीज की जाएगी।

# जैकलीन फर्नांडिस को तिहाड़ जेल से कॉल करता था धोखेबाज सुकेश, खूब भेजे फूल गिफ्ट और चॉकलेट

मुंबई, (वेब वार्ता)। बॉलिवुड ऐक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस से दिल्ली में प्रवर्तन निदेशालय ने सोमवार को कई घंटे तक पूछताछ



की थी। यह पूछताछ 200 करोड़ रुपये की धोखधड़ी के आरोपी सुकेश चंद्रशेखर के केस से संबंधित थी। इस केस में जैकलीन भी सुकेश की धोखधड़ी का शिकार हो गई थीं। अब ईडी के सूत्रों से पता चला है कि सुकेश कॉलर आईडी में गड़बड़ी करके तिहाड़ जेस से जैकलीन को फोन करता था।ईडी ने इस मामले में जैकलीन के बयान सोमवार को दर्ज किए हैं। 'इंडिया टुडे' की एक रिपोर्ट की मानें तो जांच एजेंसी के सूत्रों का कहना है कि सुकेश अपनी असली पहचान छिपाकर किसी बड़ी पर्सनैलिटी के नाम से जैकलीन को कॉल किया करता था। इसके बाद जब जैकलीन सुकेश पर भरोसा करने लगी तो यह धोखेबाज उन्हें महंगे फूल, चॉकलेट और गिफ्ट भेजने लगा। ईडी के पास सुकेश के 2 दर्जन से ज्यादा कॉल रिकॉर्ड्स हैं जिनके आधार पर यह पता चला कि यह आदमी जैकलीन को भी धोखा दे रहा था। सूत्रों के मुताबिक केवल जैकलीन ही नहीं बल्कि सुकेश चंद्रशेखर ने एक और मशहूर फीमेल सिलेब्रिटी को धोखा दिया था। हालांकि केस की जांच, निजता और सुरक्षा का ध्यान देते हुए एजेंसी ने इस बारे में और कुछ खुलासा करने से अभी इनकार कर दिया है। बता दें कि ईडी ने पिछले हफ्ते सुकेश के चेन्नई के बंगले पर छापा मारा था। वहां ईडी की टीम को 82 लाख रुपये से ज्यादा का कैश और एक दर्जन से ज्यादा विदेशी इम्पोर्टेड कारें मिली थीं।

# महंगाई के साथ सितंबर की शुरुआत, 15 दिन में फिर बढ़ गए रसोई गैस के दाम, जानें नया रेट

लखनऊ। सितंबर महीने की शुरुआत आम आदमी को महंगाई का झटका देने वाली है। सरकारी तेल कंपनियों ने घरेलू एलपीजी सिलेंडर के दाम बढ़ा दिए हैं। बिना सब्सिडी वाले गैस सिलेंडर एक सितंबर से 25 रुपये बढ़ गए हैं। राजधानी लखनऊ में 14.2 किलोग्राम के एलपीजी सिलेंडर का दाम बढ़कर 897.5 रुपये हो गया है। 15 दिन में ही गैर सब्सिडी वाला एलपीजी सिलेंडर 50 रुपये महंगा हो चुका है। इससे पहले पेट्रोलियम कंपनियों ने 18 अगस्त को गैस सिलेंडर की कीमतों में 25 रुपये का इजाफा किया था। जुलाई में भी सिलेंडर के दाम बढ़ाए गे थे। वहीं 19 किलोग्राम कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम में 75 रुपये की बढ़ोतरी हुई है।

**190 रुपये की बढ़ोतरी**

इस बढ़ोतरी के बाद लखनऊ सहित देश के अलग–अलग शहरों में भी दाम बढ़ा दिए गए हैं। इससे पहले एक जनवरी से एक सितंबर तक रसोई गैस की कीमत में 190 रुपये की बढ़ोतरी हुई थी। 19




किग्रा वाले कमर्शियल गैस सिलेंडर की बात करें तो लखनऊ में इसकी कीमत 1693 रुपये है। कोलकाता में भाव 1772 रुपये, मुंबई में 1,649 रुपये और चेन्नई में 1,831 रुपये प्रति सिलेंडर हो गए हैं।

**एलपीजी पर मिलने वाली सब्सिडी खत्म**

गौरतलब है कि सरकार ने एलपीजी पर मिलने वाली सब्सिडी को खत्म कर दिया है। हर महीने दाम में बढ़ोतरी के चलते मई 2020 तक सब्सिडी खत्म हो गई। रसोई गैस की कीमत पिछले सात सालों में दोगुनी से अधिक हो गई हैं।

# दो दिन से लापता छात्र का शव नाले में मिला, हत्या की आशंका, जांच में जुटी पुलिस

हमीरपुर। हमीरपुर जिले में भरुआसुमेरपुर कस्बे से दो दिन पहले गायब छात्र का शव बुधवार को कांशीराम कालोनी के पीछे करोड़न नाले में मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक के पिता ने दो लोगों पर हत्या कर शव गुमशुदगी की सूचना पुलिस को दी थी। बुधवार को बच्चे का शव कांशीराम कालोनी के पीछे करोड़न नाले के पास गड्ढे में पड़ा मिला। सूचना में पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थानाध्यक्ष बीपी की सूचना पर सीओ सदर अनुराग सिंह व एएसपी



फेंकने की आशंका जताई है। कस्बे के बसन्त नगर निवासी कमरुद्दीन का पुत्र सुब्बी (12) मोहल्ले के सरकारी स्कूल में कक्षा 5 का छात्र था। सोमवार को वह मोहल्ले के दो युवकों के साथ गया था। मंगलवार को पिता ने बच्चे के अनूप कुमार ने मौके पर पहुंच कर घटनास्थल का जायजा लिया और घटना के खुलासे के लिए थानाध्यक्ष को कड़े निर्देश दिए। घटना से परिवार में कोहराम मच गया है। मृतक का पिता मेहनत मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता है।

# अभिनेत्री पायल सरकार को मिले अश्लील मैसेज, दर्ज कराई शिकायत

कोलकाता, (वेब वार्ता)। लोकप्रिय बंगाली टेलीविजन अभिनेत्री पायल सरकार ने एक फिल्म निर्देशक के फर्जी अकाउंट



से कुछ अश्लील संदेश (मैसेज) मिलने के बाद कोलकाता पुलिस के साइबर क्राइम सेल में शिकायत दर्ज कराई है। निर्देशक ने भी सोशल मीडिया में उनके नाम का इस्तेमाल करने वालों के खिलाफ साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई है। एक्ट्रेस ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि उन्होंने एक जाने–माने डायरेक्टर की फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार कर ली है। इसके तुरंत बाद उन्हें एक मैसेंजर चौट के दौरान बताया गया कि उन्हें एक आगामी फिल्म की मुख्य भूमिका के लिए चुना गया है और फिर उन्हें एक अश्लील संदेश मिला। तपुर तुपुर, अंदरमहल, बेने बौ, तुमी राबे नीरोबे जैसे बंगाली धारावाहिकों में काम कर चुकीं लोकप्रिय अभिनेत्री ने कहा कि उन्हें एक मैसेंजर चौट के दौरान एक अश्लील संदेश मिला। उन्होंने अपने फेसबुक प्रोफाइल पर चौट का स्क्रीनशॉट साझा किया, जहां उसके प्रशंसकों और दोस्तों ने उन्हें फिल्म निर्देशक की प्रोफाइल की जांच करने के लिए कहा, जिसके बाद उन्हें एहसास हुआ कि यह एक फेक प्रोफाइल है। मामला जो शुरू में कोलकाता पुलिस साइबर सेल में दर्ज किया गया था, बाद में बैरकपुर पुलिस आयुक्तालय में स्थानांतरित कर दिया गया, जिसने अंततः अकाउंट को अवरुद्ध कर दिया। आयुक्तालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, वह बारानगर में रहती हैं और इसलिए मामला बैरकपुर पुलिस आयुक्तालय में स्थानांतरित कर दिया गया है। हमने अकाउंट को अवरुद्ध कर दिया है और अकाउंट की जांच कर रहे हैं। हमें उम्मीद है कि जल्द ही व्यक्ति को ढूंढ लिया जाएगा। अभिनेत्री ने कहा, मैं जल्द ही समझ गई थी कि यह सर (फिल्म निर्देशक) का वैरिफाइड अकाउंट नहीं है। फर्जी अकाउंट में कई विसंगतियां थीं, जब मैंने बाद में जांच की तो मुझे एहसास हुआ। लेकिन मैं शिकायत के साथ आगे बढ़ी, क्योंकि मैं महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार, उनका पीछा करना करने वाले और महिलाओं और लड़कियों को सोशल मीडिया पर परेशान करने वालों को दंडित कराना चाहती हूं। मुझे पुलिस से पूरा सहयोग मिला है। दूसरी ओर, बाद में घटना के बारे में जानने पर निर्देशक ने कहा कि वह इस मुद्दे पर शिकायत दर्ज करेंगे और वह उन लोगों का पता लगाना चाहते हैं, जो उनकी छवि खराब करने की कोशिश कर रहे हैं।

# बेहोश करके शूट किया गया मेरा पोर्न वीडियो, पूर्व मिस इंडिया यूनिवर्स ने प्रोडक्शन हाउस पर लगाए गंभीर आरोप

मुंबई, (वेब वार्ता)। शिल्पा शेट्टी के पति राज कुंद्रा के पोर्नोग्राफी मामले में फंसने के बाद एक के बाद एक कई खुलासे



हो रहे हैं। इसी कड़ी में पूर्व वीवीएन मिस इंडिया यूनिवर्स परी पासवान ने एक प्रोडक्शन हाउस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। परी पासवान ने आरोप लगाते हुए कहा है कि प्रोडक्शन हाउस ने बेहोश करके पोर्न वीडियो शूट किया है। बता दें कि परी पासवान अपने पति पर भी गंभीर आरोप लगा चुकी है, जिसके चलते वह चर्चा में आ चुकी है। एक मीडिया संस्थान में छपी खबर के अनुसार परी पासवान ने प्रोडक्शन हाउस पर आरोप लगाते हुए कहा है कि मुझे ड्रिंक में नशीली चीज मिलाकर पिलाया गया और उसके बाद मेरा अश्लील वीडियो शूट किया गया। मुझे इस बारे में बाद में पता चला, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी। बता दें कि परी ने साल 2019 में वीवीएन मिस इंडिया यूनिवर्स का ताज अपने नाम किया था। वहीं, परी ने अपने पति और ससुराल वालों पर दहेज प्रताड़ना का आरोप लगाया था, जिसके चलते उनके पति को जेल की हवा खानी पड़ी थी।

# चीन, पाकिस्तान और तालिबान नियंत्रित अफगानिस्तान का संभावित गठजोड़ चिंताा का विषय : चिदंबरम

नई दिल्ली, (वेब वार्ता)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी. चिदंबरम ने बुधवार को कहा कि अफगानिस्तान पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के एक प्रस्ताव पारित करने पर हमारा खुद को बधाई देना जल्दबाजी है और आगाह किया कि चीन, पाकिस्तान और तालिबान के नियंत्रण वाले अफगानिस्तान का संभावित गठजोड़ चिंता का विषय है। भारत की अध्यक्षता में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) ने एक सुदृढ़ प्रस्ताव पारित किया जिसमें मांग की गई कि अफगानिस्तान के क्षेत्र का इस्तेमाल किसी भी देश को धमकी देने या आतंकवादियों को पनाह देने के लिए नहीं किया जाना चाहिए। प्रस्ताव में उम्मीद की गई है कि तालिबान अफगानों और सभी विदेशी नागरिकों के देश से सुरक्षित और व्यवस्थित ढंग से जाने देने के संबंध में उसके द्वारा जताई गई प्रतिबद्धताओं का पालन करेगा। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए चिदंबरम ने कहा कि सरकार अफगानिस्तान पर यूएनएससी द्वारा पारित किए गए प्रस्ताव पर अपने आप को बधाई दे रही है। उन्होंने ट्वीट किया, "'प्रस्ताव' के दो अर्थ हैं। पहला यह है कि मुद्दा 'हल' कर लिया गया है या भारत की संतुष्टि के लिए निपटा दिया गया है। यूएनएससी में यह नहीं हुआ। दूसरा अर्थ यह है कि हमने अपनी इच्छाओं को कागज पर लिख दिया है और उस कागज पर कुछ अन्य के हस्ताक्षर करा लिए हैं। यूएनएससी में कल यही हुआ।" चिदंबरम ने कहा कि अपने आप को बधाई देना बहुत जल्दबाजी है। उन्होंने आगाह किया कि चीन, पाकिस्तान और तालिबान के नियंत्रण वाले अफगानिस्तान का संभावित गठजोड़ चिंता का विषय है। सुरक्षा परिषद ने सोमवार को फ्रांस, ब्रिटेन और अमेरिका प्रायोजित प्रस्ताव को मंजूरी दी थी जिसके पक्ष में परिषद के 15 में से 13 सदस्यों ने वोट दिया जबकि विपक्ष में किसी ने भी नहीं। रूस और चीन जैसे सुरक्षा परिषद के स्थायी सदस्यों ने हालांकि मतदान प्रक्रिया में हिस्सा नहीं लिया।

# जम्मू-कश्मीर, लद्दाख में राष्ट्रीय न्यास अधिनियम लागू करने को बैठक आयोजित

नई दिल्ली, (वेब वार्ता)। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के तहत ऑटिज्म, सेरेब्रल पाल्सी, मानसिक मंदता और कई विकलांग व्यक्तियों के कल्याण के लिए राष्ट्रीय ट्रस्ट ने संघ के सरकारी अधिकारियों, गैर सरकारी संगठनों, माता–पिता और पेशेवरों के साथ दो केंद्र शासित प्रदेशों जम्मू–कश्मीर और लद्दाख के क्षेत्र में राष्ट्रीय न्यास अधिनियम, 1999 के कार्यान्वयन के लिए एक बैठक आयोजित की। बैठक राष्ट्रीय न्यास की गतिविधियों, योजनाओं और कार्यक्रमों के कार्यान्वयन के लिए जागरूकता पैदा करने और सड़क विकसित करने के लिए आयोजित की गई। फारूक अहमद खान, जम्मू–कश्मीर के उपराज्यपाल के सलाहकार, शीतल नंदा, सचिव, समाज कल्याण जम्मू–कश्मीर, अंजलि भवरा, सचिव, डीईपीडब्ल्यूडी और अध्यक्ष, नेशनल ट्रस्ट, किशोर सुरवड़े, डीडीजी, डीईपीडब्ल्यूडी, और निकुंजा किशोर सुंदरे, जेएस और सीईओ, नेशनल के साथ बैठक में डीएम और अन्य अधिकारियों सहित 167 लोगों के साथ ट्रस्ट ने भाग लिया। यूटी प्रशासन और नेशनल ट्रस्ट की पहल की सराहना करते हुए फारूक अहमद खान ने कहा कि नेशनल ट्रस्ट एक्ट के तहत दिव्यांगजनों को सरकार द्वारा प्रदान किए जाने वाले सभी लाभों में हमेशा प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

# यूपी के पूर्व मंत्री केपी यादव का डेंगू से निधन

लखनऊ, (वेब वार्ता)। पूर्व मंत्री और जौनपुर से समाजवादी पार्टी (सपा) के नेता के पी यादव का लखनऊ में डेंगू शॉक सिंड्रोम से निधन हो गया। 62 वर्षीय राजनेता को गंभीर हालत में सोमवार देर रात मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मेदांता के निदेशक डॉ राकेश कपूर ने पुष्टि की कि केपी यादव की डेंगू शॉक सिंड्रोम नामक स्थिति से मृत्यु हो गई। उन्हें गंभीर स्थिति में अस्पताल लाया गया था,उन्हें तुरंत वेंटिलेटर समर्थन पर ले जाया गया लेकिन मंगलवार को उनकी मृत्यु हो गई। यादव को जौनपुर में डेंगू हो गया था और शहर में ही उनका इलाज चल रहा था। हालत बिगड़ने पर उन्हें लखनऊ शिफ्ट कर दिया गया था। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया पर उनके निधन पर शोक व्यक्त किया। अखिलेश ने कहा कि केपी यादव सपा के मेहनती और सम्मानित सदस्य थे। उनका निधन पार्टी के लिए अपूरणीय क्षति है। यादव सपा सरकार के तहत गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष भी थे।

# बजाज ऑटो, टोयोटा किर्लोस्कर, एमजी मोटर्स की बिक्री अगस्त में बढ़ी, एस्कॉर्ट्स को हुई निराशा

नई दिल्ली, (वेब वार्ता)। बजाज ऑटो, टोयोटा किर्लोस्कर, एमजी मोटर्स ने बुधवार को बताया कि अगस्त 2021 के दौरान उनकी बिक्री में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है, जबकि एस्कॉर्ट्स ने बताया कि उसकी ट्रैक्टर बिक्री 21.7 प्रतिशत घट गई। बजाज ऑटो ने कहा कि अगस्त 2021 में उसकी कुल बिक्री पांच प्रतिशत बढ़कर 3,73,270 इकाई रही। कंपनी ने पिछले साल इसी महीने में कुल 3,56,199 इकाइयां बेची थीं। कंपनी ने बताया कि समीक्षाधीन अवधि में उसकी घरेलू बिक्री में सात प्रतिशत की कमी हुई और यह 1,72,595 इकाई रही। बजाज ऑटो ने बताया कि उसकी कुल दोपहिया वाहनों की बिक्री पांच प्रतिशत बढ़कर 3,38,310 इकाई रही, जो पिछले साल इसी महीने में 3,21,058 इकाई थी। कृषि मशीनरी और निर्माण उपकरण बनाने वाली कंपनी एस्कॉर्ट्स ने कहा कि अगस्त में ट्रैक्टर की बिक्री में 21.7 प्रतिशत की गिरावट हुई और इस दौरान वह 5,693 इकाइयों की बिक्री कर सकी। एस्कॉर्ट्स ने शेयर बाजार को बताया कि उसने पिछले साल इसी महीने में कुल 7,268 इकाइयां बेची थीं। कंपनी ने कहा कि उसे त्योहारी सत्र के दौरान बिक्री में वृद्धि की उम्मीद है। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने बताया कि अगस्त 2020 की तुलना में इस साल अगस्त में उसकी घरेलू थोक बिक्री में दो गुना से अधिक इजाफा हुआ और यह 12,772 इकाई रही। कंपनी ने पिछले साल इसी महीने में 5,555 इकाइयों की बिक्री की थी। टीकेएम के संयुक्त महाप्रबंधक (बिक्री और रणनीतिक विपणन) वी विसेलिन सिगामनी ने एक बयान में कहा कि इनोवा क्रिस्टा और फॉर्च्यूनर का अपने खंड में वर्चस्व जारी है और दोनों मॉडलों ने अच्छी मांग दर्ज की है। इसके अलावा ग्लैंजा और अर्बन क्रूजर के लिए भी अच्छी मांग देखने को मिल रही है। एमजी मोटर ने बताया कि उसकी खुदरा बिक्री अगस्त में 51 प्रतिशत की वश्द्धि के साथ 4,315 इकाई रही। कंपनी ने अगस्त 2020 में 2,851 इकाइयों की बिक्री की थी।

# यूपी की सभी 403 सीटों पर लड़ेगी आप, कोई गठबंधन नहीं

लखनऊ, (वेब वार्ता)। आम आदमी पार्टी (आप) ने आगामी यूपी विधानसभा चुनाव के लिए गठबंधन की सभी अटकलों पर विराम लगा दिया है। पार्टी ने घोषणा की है कि वह 2022 के राज्य चुनाव में सभी 403 सीटों के लिए अपने उम्मीदवार उतारेगी। आप के उत्तर प्रदेश प्रभारी संजय सिंह ने पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा है कि वे बूथ स्तर पर होने वाले चुनाव की तैयारियों में शामिल हों, ताकि आने वाले चुनाव पूरी ताकत से लड़ सकें। सिंह ने कहा कि आने वाले दिनों में राज्य के सभी 403 निर्वाचन क्षेत्रों में आप की तिरंगा संकल्प यात्रा निकाली जाएगी। संजय सिंह ने कहा, इसके माध्यम से हम लोगों को बताना चाहते हैं कि असली राष्ट्रवाद क्या है। हमारा राष्ट्रवाद है कि हर गरीब बच्चे को पढ़ने के लिए बेहतर स्कूल मिले। दिल्ली की तरह उत्तर प्रदेश में भी बेहतर स्कूलों का सपना पूरा होना चाहिए। जैसे दिल्ली में मोहल्ला क्लीनिक, हर गांव में बेहतर अस्पताल या क्लीनिक हों। गरीबों के घरों में 300 यूनिट बिजली मुफ्त में मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आप का राष्ट्रवाद है कि वे उत्तर प्रदेश के लोगों को अच्छा स्वास्थ्य और शिक्षा देंगे। उन्होंने कहा, हमारी श्मशान बनाने वाली विचारधारा नहीं है। भाजपा ने कोविड–19 महामारी के दौरान हर गांव में श्मशान घाट बनाए। 2017 में उन्होंने कहा था कि वे ऐसा करेंगे। राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने उत्तर प्रदेश में सत्तारूढ़ सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार के तहत उत्तर प्रदेश में तिरंगे के गौरव को ठेस पहुंचाने वाली कई घटनाएं हुई हैं। उन्होंने राज्य में घोटाले की अनुमति देने के लिए भाजपा की भी आलोचना की। उन्होंने कहा, चाहे ऑक्सीमीटर, ऑक्सीजन सिलेंडर और थर्मामीटर जैसे चिकित्सा उपकरणों की खरीद हो या राम मंदिर के लिए जमीन की खरीद हो या जल जीवन मिशन में घोटाला, राज्य सरकार के पास हमारे सवालों का कोई जवाब नहीं है। आप नेता संजय सिंह ने मंगलवार को हुई बैठक के दौरान उत्तर प्रदेश में पार्टी के हाल ही में संपन्न सदस्यता अभियान का भी जिक्र किया। उन्होंने दावा किया कि एक महीने के अंदर उत्तर प्रदेश से करीब एक करोड़ नए सदस्य पार्टी में शामिल हुए हैं। उत्तर प्रदेश में अगले साल की शुरूआत में चुनाव होने हैं।




अवध की आवाज हिन्दी दैनिक, प्रकाशक ,मुद्रक व स्वामी,अनिल कुमार सिंह द्वारा स्काई लाइन प्रिन्टर्स,119/23 खन्दारी लेन, लालबाग, लखनऊ उ0प्र0 से मुद्रित तथा डी–97/3 व 7,सेक्टर–7, इन्दिरा नगर,लखनऊ,उ0प्र0 से प्रकाशित। सम्पादक अनिल कुमार सिंह फोन : 0522–4340954
मो0–7905407289, Email: avadhkiaawaz@gmail.com
R.N.I.- UPHIN/2012/45127
नोट : समाचार पत्र से सम्बंधित सारे विवादोंका न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।